otal No. of Printed Pages—4

**2 SEM TDC HND MIL (A) 1**

**2015**

( May )

HINDI

( Modern Indian Language )

**( Arts )**

Course : 201

**( हिन्दी गद्य तथा व्याकरण )**

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*Candidates **eligible** for Internal Assessment shall answer Question Nos. **1** to **9***

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32/24

*Candidates **not eligible** for Internal Assessment shall answer Question Nos. **1** to **11***

*Full Marks* : 100

*Pass Marks* : 40/30

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) भाषा किसके सामने लाचार-सी नजर आती है?

(ख) 'असम की संस्कृति' के लेखक का क्या नाम है?

(ग) कपड़ा बुनना कहाँ की सामाजिक प्रथा है?

(घ) सरकार चलाने के लिए किसकी जरूरत नहीं होती?

(ङ) "होहिं है वही जो राम रचि राखा।
का करि तर्क बढ़ावहिं शाखा॥"

यह किसकी पंक्ति है?

(च) किसके आदर्श को, किनकी मर्यादा को हृदयंगम कर पाने से भारत में साम्प्रदायिक दानवों का नंगा नाच बार-बार नहीं हो पाता?

(छ) तानसेन के अहंकार को किसने चूर कर प्रमाणित कर दिया कि कला-साधना में तानाशाही नहीं चलती?

(ज) 'दुःख' कहानी के प्रमुख नारी-पात्र का नाम लिखिए।

**2.** "'तुलसीदास से एक साक्षात्कार' शीर्षक निबन्ध के माध्यम से लेखक ने समाज के ज्वलंत प्रश्नों को उठाने की कोशिश की है।" इस कथन के आधार पर प्रस्तुत निबन्ध का विश्लेषणात्मक उत्तर दीजिए। 1

**अथवा**

'असम की संस्कृति' निबन्ध के आधार पर असमिया संस्कृति की विशेषता बताइए।

**3.** 'काली आँधी' उपन्यास में वर्णित राजनीति की विद्रूपता पर प्रकाश डालिए। 1

**अथवा**

"प्रतीक के रूप में 'काली आँधी' अपने समय का इतिहास तथा उसकी मूल प्रवृत्तियों का चित्र है।" पठित उपन्यास के आधार पर लिखिए।





**4.** निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) काश! तुम जानती दुःख किसे कहते हैं। ...तुम्हारा यह रसीला दुःख तुम्हें न मिले तो ज़िन्दगी दूभर हो जाये।

**अथवा**

कोई भी धर्म छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी धर्म प्रभु के पास पहुँचाते हैं। रास्ते अलग हो सकते हैं।

(ख) मशीनें नहीं सोचती, मशीनों के लिए आदमी सोचता है। और सफलता... सफलता सिर्फ एक मशीन है।

**अथवा**

हमारे सामने जो कुछ है उसे साहस से स्वीकार करें। जो है, वह है; जो नहीं है, वह नहीं है।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3×3=9

(क) असम की संस्कृति समन्वय की संस्कृति है। स्पष्ट कीजिए।

(ख) "महाराज! मेरे साथ अन्याय हुआ है।" यह किसने, किससे और क्यों कहा है?

(ग) "आधुनिक जीवन की एक बड़ी विडम्बना है कि जो हम नहीं चाहते, वही करने को विवश हैं।" भाव स्पष्ट कीजिए।

(घ) "टुकड़ों-टुकड़ों में जीना और पछताना... क्या रखा है इसमें!" भाव स्पष्ट कीजिए।

**6.** क्रिया की परिभाषा देते हुए उसके भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिए। 5

**अथवा**

उपसर्ग एवं प्रत्यय की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए।

7. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 1×5=

सब धन बाइस पसेरी ; नाक रगड़ना ; ऊँट के मुँह में जीरा ; आस्तीन का साँप ; टोपी पहनाना

8. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : 1×5=

जिसके पार न देखा जा सके ; जो नहीं हो सकता है ; जो संगीत का जानकार हो ; जीवन भर ; सत्य बोलने वाला

9. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 1

(क) नैतिकता और समाज

(ख) हरित क्रान्ति

(ग) युवा पीढ़ी

(घ) मेरे जीवन का लक्ष्य

**( In lieu of Internal Assessment )**

10. 'बैजुबावरा' **अथवा** 'दुःख' की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 1

11. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पात्रों का चरित्र-चित्रण कीजिए : 5×2=1

जग्गी बाबु ; मालती ; कबीरदास ; सम्राट अकबर

★★★